हिंदी वाद विवाद प्रतियोगिता ट्राफी के साथ छात्र छात्राएं ● स्कूल प्रबंधन

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई बौद्धिक प्रतिभा

कानपुर : सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर, कमला नगर की ओर से शनिवार को श्रीगोविंद हरि सिंहानिया अंतरविद्यालयी हिंदी वाद–विवाद प्रतियोगिता कराई गई। प्रधानाचार्य भावना गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में 25 स्कूलों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने बेबाकी से विचार रखकर बौद्धिक प्रतिभा दिखाई। शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक सुरेन्द्र मैथानी, विशिष्ट अतिथि अवध बिहारी मिश्र ने द्वारिकाधीश व गोविंद हरि सिंहानिया के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। यहां पर वितीय प्रबंधक आशीष भार्गव, प्रशासनिक प्रबंधक सुरेंद्र यादव, उप प्रधानाचार्य कविता, वंदना त्रिवेदी, संध्या तिवारी, डा. आकांक्षा गौड़ रहे। (वि.वि.)

आज

6/11/2022

25 स्कूलों के छात्रों ने दिखाई प्रतियोगिता में हिन्दी ज्ञान की चमक

श्री गोविंद हरि सिंहानियां अंतविद्यालयीय हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता

पुरस्कृत छात्र-छात्राएं, साथ में मौजूद शिक्षक-शिक्षिकायें।

● निर्णायक मण्डल ने निभायी महत्वपूर्ण भूमिका

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 5 नवम्बर। सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर द्वारा श्री गोविंद हरि सिंहानिया अंतविद्यालयीय हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक सुरेन्द्र मैथानी व विशिष्ट अतिथि नर सेवा नारायण सेवा संस्थान के अध्यक्ष अवध बिहारी मिश्रा दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में शहर व अन्य प्रदेशों लगभग 25 प्रतिष्ठित विद्यालयों ने विषय के पक्ष व विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किये। निर्णायक मंडल में एमडी कालेज के हिन्दी विभागाध्यक्ष डा.राकेश शुक्ला, आरएसजीयू महाविद्यालय, पुखराया के पूर्व एचओडी डा.रंजन तिवारी व पीपीएन कालेज की पूर्व प्रिंसिपल डा.प्रमिला अवस्थी ने निभायी। अतिथि श्री मैथानी ने प्रतिभागियों के न्यायसंगत तर्कों की तथा आत्मविश्वास की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। प्रतियोगिता में चल वैजन्ती एवार्ड सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर, कमलानगर व वीरेन्द्र स्वरूप पब्लिक स्कूल,कल्याणपुर को मिला। व्यक्तिगत रूप से पक्ष में पहला स्थान वीरेन्द्र स्वरूप, कल्याणपुर की द्वारिकेश अवस्थी, दूसरा पुरस्कार सर पदमपत के सिद्धार्थ सिंह व तृतीय पुरस्कार गुरु नानक मॉर्डन स्कूल,कल्याणपुर की कीर्ति तिवारी ने जीता तो विपक्ष में पहला पुरस्कार सरस्वती विद्या मंदिर,जाजमऊ की अनीकेत साहू, दूसरा पुरस्कार सर पदमपत की हर्षित सिंह और तृतीय पुरस्कार वीरेन्द्र स्वरूप, उन्नाव के श्रुति दीक्षित, डीपीएस, कल्याणपुर की तनिष्क सिंह गौर व वीरेन्द्र स्वरूप, पनकी की आरुषी त्रिवेदी ने जीता। इस मौके पर प्रधानाचार्या भावना गुप्ता, वित्तीय प्रबंधक आशीष भार्गव, प्रशासनिक प्रबंधक सुरेंद्र यादव, उप प्रधानाचार्या कविता चड्ढा, वंदना त्रिवेदी, डा.आकांक्षा गौड़, डा.अनपू कुमार बाली आदि मौजूद थे।

राष्ट्रीय सहारा 6/11/2022

हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

कानपुर।

शनिवार को सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर, कमला नगर में गोविंद हरि सिंहानिया हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन जीएचएमआईएमआर प्रेक्षागार में हुआ। सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर के विद्यार्थियों के बौद्धिक तथा तार्किक क्षमता को अधिकाधिक विकसित करने हेतु समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इसी श्रृंखला में हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय था, 'सर्वोच्च हिंदी संवैधानिक पद पर आदिवासी प्रतिनिधित्व भारत में आदिवासी उत्थान का नया आयाम स्थापित करता है'।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक सुरेन्द्र मैथानी एवं विशिष्ट अतिथि नर सेवा नारायण सेवा संस्थान के अध्यक्ष अवध विहारी मिश्र द्वारा प्रभु श्री द्वारिकाधीश जी एवं गोविंद हरि जी सिंहानिया के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में विद्यालय की प्रधानाचार्य भावना गुप्ता द्वारा मुख्य अतिथि एंव सभी आमंत्रित अतिथिजनों का अभिनंदन किया गया। प्रतियोगिता में नगर एवं अन्य प्रदेशों के लगभग 25 प्रतिष्ठित विद्यालयों ने अपनी-अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। जिसमें डॉक्टर वीरेन्द्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर श्याम नगर, दिल्ली पब्लिक स्कूल कल्याणपुर, सर पदमपत सिंहानिया स्कूल कोटा (राजस्थान), फातिमा कान्वेंट स्कूल अशोक नगर, डॉक्टर वीरेन्द्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर उन्नाव आदि के बच्चों ने भाग लिया।

सर पदमपद सिंहानिया एजुकेशन सेंटर में आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ प्रधानाचार्या व शिक्षिकाएं। फोटो : एसएनबी

प्रतियोगिता में नगर व अन्य प्रदेशों के 25 प्रतिष्ठित विद्यालयों ने लिया भाग

निर्णायक मंडल के सदस्य राकेश शुक्ल (एडी कालेज, हिंदी विभागाध्यक्ष), डॉक्टर रंजन तिवारी, डॉक्टर प्रमिता अवस्थी का विशेष योगदान रहा। समस्त प्रतिभागियों ने विषय के पक्ष और विपक्ष में अपने विचारों को तर्को सहित प्रस्तुत करके सभागार में उपस्थित समस्तजनों को प्रभावित किया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉक्टर आकांक्षा गौड़ ने किया तथा डॉक्टर अनूप कुमार बाली ने समस्त आमंत्रित लोगों को अमूल्य समय देने के लिए धन्यवाद दिया। इस आयोजन पर विद्यालय के वित्तीय प्रबंधक आशीष भार्गव, प्रशासनिक प्रबंधक सुरेन्द्र यादव, उप प्रधानाचार्य कविता चड्ढा, हेडमिस्ट्रेस वंदना त्रिवेदी समेत कई प्रतिष्ठित व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।